<u>कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजीपुर।</u>

<u>विज्ञप्ति</u>

माननीय उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्र संख्या–1245/एसएलएसए–23/2016 दिनांक अप्रैल 10, 2024 के निर्देशानुसार जनपद गाजीपुर में गठित स्थायी लोक अदालत, गाजीपुर हेतु आशुलिपिक ग्रेड–2 के पद पर जिला न्यायालय अथवा कलेक्ट्रेट के सेवा निवृत्त कर्मियों से अधिकतम 02 वर्ष के लिए अनुबंध के आधार पर नियुक्ति की जानी है। उक्त पद पर नियुक्ति हेतु इच्छुक सेवानिवृत्त कर्मचारीगण से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

उक्त पद पर नियुक्ति हेतु इच्छुक जिला न्यायालय अथवा कलेक्ट्रेट के सेवा निवृत्त कर्मचारीगण अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर दिनांक 04.05.2024 को सायं 05:00 बजे तक कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजीपुर में प्रस्तुत कर सकते है, जिनकी उम्र दिनांक 04.05.2024 को 65 वर्ष से अधिक न हो। सेवा निवृत्त संबंधित प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न कर प्रस्तुत करे।

पद का नाम, पदों की संख्या एवं मानदेय का विवरण निम्न प्रकार है:–

पद का नाम	पद की संख्या	नियत मानदेय
आशुलिपिक ग्रेड–2	01	9000/– प्रतिमाह

योग्य अभ्यर्थियों का साक्षात्कार दिनांक 08.05.2024 को पूर्वाहन 4:30 बजे कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजीपुर में आयोजित किया जायेगा। इसकी सूचना योग्य अभ्यर्थियों को उनके मोबाईल नं0 पर दी जायेगी। साक्षात्कार के समय मूल अभिलेखों का भौतिक सत्यापन किया जायेगा।

<u>संलग्नकः निर्धारित आवेदन प्रारूप साथ में संलग्न।</u>

<u>दिनांक 20.04.2024</u>

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/
सचिव पूर्णकालिक
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
गाजीपुर।

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिला सूचना अधिकारी, गाजीपुर को निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
2. सिस्टम आफिसर, कम्प्यूटर अनुभाग को जनपद न्यायालय गाजीपुर की वेबसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु।
3. केन्द्रीय नाजिर, कलेक्ट्रेट, गाजीपुर को विज्ञापन के प्रति सूचना पट्ट पर चस्पा करने हेतु।
4. केन्द्रीय नाजिर, जनपद न्यायालय को इस आशय से प्रेषित की विज्ञापन के प्रति सूचना पट्ट पर चस्पा करायें।
5. सिविल बार एसोसिएशन गाजीपुर को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को बार के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराये।

20.4.24

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/
सचिव पूर्णकालिक
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
गाजीपुर।

आवेदन का प्रारूप

स्वप्रमाणित नवीनतम पासपोर्ट साइज रंगीन फोटोग्राफ चिपकाये।

1– अभ्यर्थी का नाम–

2– पिता/पति का नाम–

3– जन्म तिथि–

दिनांक 04.05.2024 को आयु–

4– स्थायी पता–

5– वर्तमान पता–

6– मोबाइल नं0–

7– ई–मेल आईडी, यदि हो–

8– वर्ग–

9– लिंग (पुरूष/महिला/अन्य)–

10– वैवाहिक स्थिति (विवाहित/अविवाहित)–

11– शैक्षिक योग्यता–

12– सेवानिवृत्त विभाग का नाम–

13– सेवानिवृत्त की तिथि एवं प्रमाण पत्र–

14– आपराधिक इतिहास/विभागीय जांच का विवरण, यदि कोई हो–

उद्घोषणा

मैं उद्घोषित करता/करती हूं कि आवेदन में दिया गया समस्त विवरण मेरी जानकारी में सही व सत्य है, इसमें कोई बात छिपायी नही गयी है। मैंने सभी नियम व शर्तो को ध्यानपूर्वक पढ़ लिया है, जो मुझे स्वीकार्य है। यदि किसी स्थिति में यह पाया जाता है कि मेरे उद्घोषित तथ्य गलत है तो बिना किसी अन्य कारण के मेरी नियुक्ति निरस्त की जा सकती है।

अभ्यर्थी का पूर्ण हस्ताक्षर दिनांक सहित